# सरकार निजी स्वास्थ्य सेवाओं का तत्काल करे राष्ट्रीयकरण

## लाखों लोग के सड़कों पर उतरने से फेल हो चुका है लॉकडाउन, अब गरीबों के लिए फैसले लेने की जरूरत

**हर्ष मंदर**

अगर कोरोना वायरस संक्रमण भारत में वाकई एक भयावह महामारी का रूप लेता है तो इसका असर सिर्फ मध्यम वर्ग के लोगों तक सीमित नहीं रहेगा। गरीब-मजदूर वर्ग के करोड़ों लोग इसका सबसे अधिक शिकार होंगे। सरकार ने 24 मार्च की मध्यरात्रि से 21 दिन के लॉकडाउन का ऐलान किया है। इस पर विशेषज्ञों की राय अलग-अलग है। करोड़ों गरीब और

मजदूर वर्ग के लोगों के लिए यह फैसला भयावह हो सकता है। गरीबों को भूख और संक्रमण के जाल में धकेलने वाले लॉकडाउन के फैसले को हम कैसे न्यायोचित ठहरा सकते हैं? लॉकडाउन की घोषणा से पहले क्या सरकार ने असंगठित क्षेत्र के करोड़ों लोगों का ध्यान रखा? क्या सरकार ने सोचा था कि काम ठप होने के बाद प्रवासी मजदूरों का गुजारा कैसे होगा? दिहाड़ी मजदूरों को हर रोज काम की तलाश होती है। इसी तरह रिक्शा चलाने वाले, कूड़ा बीनने वाले और रेहड़ी-पटरी वाले लोगों का रोजगार भी अचानक से छिन गया है। आज ये सभी लोग किसी से दान में मिलने वाली रोटी के सहारे जीने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार की तरफ से दी जाने वाली मदद नाकाफी है और इससे लाखों लोग भुखमरी का शिकार होंगे। सरकार ने शहरों में रह रहे उन हजारों बेघर महिलाओं-बच्चों का भी कोई ध्यान नहीं रखा, जो फ्लाईओवर के नीचे अपना गुजर-बसर करते हैं। वे लोग कोरोना वायरस से बचने के लिए कहां जाएंगे?

हमारे मोबाइल पर लगातार मैसेज आ रहे हैं कि अपने हाथों को हमेशा साबुन-पानी से धोएं। लेकिन, क्या हमें ध्यान है कि हमारे देश में झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लाखों लोगों के पास पानी की सप्लाई नहीं है। उनके लिए बार-बार हाथ धोना असंभव है। हमें 'सामाजिक अलगाव' और 'खुद को अलग-थलग रखने' की सलाह मिल रही है, लेकिन, क्या हमने सोचा है कि झुग्गियों में एक कमरे के भीतर अपने पूरे परिवार को रखने वाले लोग कैसे अलग-अलग रहेंगे? हमारे देश की जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखा गया है, उन सबको कैसे अलग-थलग रखा जा सकेगा?

कोरोना वायरस से निपटने के लिए हमें अपने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के बारे में भी बात करनी चाहिए। भारत की गिनती जनस्वास्थ्य पर सबसे कम खर्च करने वाले देशों में होती है। हमारे अधिकांश शहरों के पास जनस्वास्थ्य सेवा नाम की चीज नहीं है। एक अनुमान के मुताबिक 20 लाख आबादी वाले जिले के एक अस्पताल के पास कोरोना संक्रमण से जुड़े 20,000 मरीज पहुंचेंगे, लेकिन इन अस्पतालों के पास न बेड हैं और न ही अन्य संसाधन। विडंबना तो यह है कि भारत में इस वायरस को वैसे लोग लेकर आए जो हवाई सफर करते हैं, लेकिन इसका हर्जाना भुगत रहा है गरीब और वंचित समुदाय। इसे लाने वाले लोग निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा लेंगे, लेकिन गरीबों के पास मरने के अलावा और कोई विकल्प ही नहीं होगा।

केंद्र सरकार ने लॉक डाउन के मद्देनजर कुछ राहत पैकेज की घोषणाएं की हैं। हर परिवार को 5 किलो अतिरिक्त अनाज, महिलाओं के जनधन खाते में तीन महीने के लिए 500 रुपए, तीन करोड़ महिलाओं को 3 महीने की एडवांस विधवा पेंशन, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों को 2,000 रुपए देने की बात सरकार ने कही है। क्या ये घोषणाएं पर्याप्त हैं? अगर आपसे कहा जाए कि मात्र 2 दिन के वेतन और 5 किलो अनाज में महीनेभर गुजारा कीजिए तो आप कर पाएंगे? अपना जीवन संकट में देखते हुए अब लाखों लोगों के सड़कों पर उतरने से लॉकडाउन फेल हो चुका है।

सरकार ने इस महामारी से बचाव का भार अपने पास न रखते हुए नागरिकों के ऊपर छोड़ दिया है। अब सरकार को कुछ फैसले तत्काल लेने चाहिए। ग्रामीण और शहरी इलाकों में असंगठित क्षेत्र से जुड़े परिवारों को लॉकडाउन और उसके बाद दो महीने की अवधि पूरी होने तक प्रति महीने 25 दिनों की न्यूनतम मजदूरी दी जाए। सभी प्रकार की पेंशन दोगुनी हों और इसे नगदी के रूप में लाभार्थियों के घर तक पहुंचाएं। झुग्गी बस्तियों में पानी के मुफ्त टैंकर पहुंचाए जाएं। जेलों में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए उन सभी विचाराधीन कैदियों को रिहा किया जाना चाहिए, जिन्हें गंभीर अपराधों में सजा नहीं मिली है। इसी प्रकार छोटे-छोटे अपराध से जुड़े लोगों और डिटेंशन सेंटर्स में बंद लोगों को भी रिहा किया जाना चाहिए। भारत को अपनी जीडीपी का 3 प्रतिशत हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करने की योजना तुरंत लागू करनी होगी। मौजूदा दौर में हमें स्पेन और न्यूजीलैंड का अनुकरण करते हुए अपनी निजी स्वास्थ्य सेवाओं का

राष्ट्रीयकरण कर देना चाहिए। इसके लिए विशेष रूप से एक अध्यादेश जारी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी निजी अस्पताल कोरोना वायरस से जुड़े किसी भी मरीज की जांच या इलाज के लिए कोई शुल्क नहीं लेंगे। भारत लंबे समय से असमानता के चक्र में फंसा हुआ है। क्या कोरोना की इस महामारी के बीच हम अपनी पुरानी गलतियों को सुधारते हुए अपने देश में बराबरी का एक समाज बनाने की कोशिश करेंगे?

---

दैनिक जागरण

*Date:01-04-20*

# सबक सिखाने वाली महामारी

**डॉ. अश्विनी कुमार**

जब पूरी मानवता एक आपदा से जूझ रही है तब उससे जुड़े सबक कलमबद्ध करने की कवायद में मेरा ध्यान सबसे पहले प्रकृति के आगे मनुष्य की तुच्छता की ओर जाता है। जब मनुष्य ने पृथ्वी पर आधिपत्य स्थापित करने का दावा किया तब प्रकृति ने हस्तक्षेप कर उसे उसकी हैसियत दिखा दी। कोरोना वायरस के खिलाफ हमारी सामूहिक असमर्थता ने मानवीय क्षमताओं की सीमाओं को लेकर बड़ी-बड़ी दंभी धारणाओं की पोल खोलकर रख दी है। कोरोना वायरस से उपजी कोविड-19 महामारी को लेकर सबक यही है कि प्रकृति के आगे मनुष्य असहाय है और जब प्रकृति सबक सिखाती है तो उसमें पूरी मानव जाति के लिए एक सीख होती है।

**महामारी ने वैश्विक व्यवस्था की बुनियाद को लेकर सवाल उठा दिए**

सुरक्षा और प्रगति के लिए जिस स्थिर समाज और भविष्य को लेकर निश्चिंतता एक जरूरी शर्त होती है उसके लिए भी कोविड-19 एक और बड़ा सबक है। इस महामारी के चलते जिस रफ्तार के साथ वैश्विक स्तर पर गतिरोध उत्पन्न हुआ है उसने वैश्विक व्यवस्था की बुनियाद को लेकर सवाल उठा दिए हैं। बिल्कुल वैसे ही जैसे हम प्रकृति की व्यवस्था में पर्यावरणीय संतुलन की उन अनिवार्यताओं को याद कर हिल जाते हैं जिन पर कोई तर्क-वितर्क नहीं हो सकता।

**कोरोना के चलते मानवीय पीड़ा को विभाजित नहीं किया जा सकता**

कोरोना वायरस स्मरण कराता है कि मानवीय पीड़ा को विभाजित नहीं किया जा सकता। यह सभी पर असर दिखाती है और इससे केवल हम अकेले ही जुड़े हुए नहीं हैं। जैसे गरीबी और गरिमा का संबंध है वैसे ही न्याय और संवेदना भी किसी समाज की गुणवत्ता को दर्शाती है। हमने यह बात फिर से सीखी है कि बंधुता, मानवीय निकटता एवं मित्रता अभी भी जीवंत हैं और किसी संकट के समय मानवता की कड़ी और मजबूत होती है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि मानवता के लिए गंभीर खतरा प्रार्थना में हमारे विश्वास को और प्रगाढ़ करता है और एकजुटता के भाव को भी, खासतौर से उस खतरे के खिलाफ जो अपनी चपेट में लेने के लिए कोई भेदभाव न करता हो। अगर मानवता का भाव प्रभावी हो तो किसी महामारी के खिलाफ महायुद्ध में कोई भी तमाशाई बनकर नहीं रह सकता।

**संकट की घड़ी में मानवीय कुशलक्षेम को मापने के लिए भौतिक संपन्नता का पैमाना नहीं होना चाहिए**

यह त्रासदी हमें स्वयं से यह सवाल करने के लिए भी विवश कर रही है कि क्या हम जीडीपी आंकड़े की धुन में ही लगे रहें या फिर इसके बजाय सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता की राह पकड़ें? नि:संदेह आर्थिक वृद्धि और भौतिक संपन्नता की भी खुशियां बढ़ाने में अपनी भूमिका होती है, पर क्या मानवीय कुशलक्षेम को मापने के लिए यही मुख्य पैमाना होना चाहिए? ज्ञात मानवीय इतिहास में हुई भौतिक प्रगति और व्यापक तकनीकी बदलाव से जो कुछ भी हासिल हुआ वह इस संकट की घड़ी में हमारे कितना काम आ रहा है? इससे हमें साझा भविष्य को लेकर अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना चाहिए, विशेषकर वैश्वीकरण को लेकर कि क्या यही वैश्विक बदलाव लाने वाली सबसे प्रमुख धारा है।

**ताकि उदार लोकतांत्रिक राज्य की बुनियाद सुरक्षित रहे**

आर्थिक, राजनीतिक और तकनीकी शक्ति में असमान देश सिर्फ एक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की स्थापना में बहुस्तरीय कदमों के लिहाज से समान रूप से योगदान नहीं कर सकते। हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि वैश्वीकरण का भविष्य इसी बात से निर्धारित होगा कि दुनिया के वंचित वर्गों के लिए इससे क्या हासिल होता है? अगर कुछ हासिल होता है तो भी वैश्वीकरण को लेकर वाजिब पड़ताल इस पहलू पर होनी चाहिए कि राज्य व्यवस्था में अधिकारों के प्रयोग की कवायद में नैतिक दबाव से अनियंत्रित भीमकाय व्यवस्था को कितना प्रोत्साहन दिया जाए? इसके साथ ही हमारे संवैधानिक संस्थानों और वर्षों से उन्हें समृद्ध किए जाने की उस प्रक्रिया को लेकर भी बहस शुरू हो जाएगी जिसमें इन संस्थानों को समय के साथ और समृद्ध किया गया ताकि उदार लोकतांत्रिक राज्य की बुनियाद सुरक्षित रहे। कुल मिलाकर जो त्रासदी हम झेल रहे हैं वह हमें मानवीय कल्पना की सीमाओं का स्मरण कराने के साथ यह भी बता रही कि जीवन वैसे नहीं चलता जैसे हम उसके लिए योजनाएं बनाते हैं।

**प्रधानमंत्री देश के मिजाज को समझें और दें सही दिशा**

निराशा और अंदेशे के इस दौर में राष्ट्र के नेता होने के नाते प्रधानमंत्री से अपेक्षा है कि वह देश के मिजाज को समझें और उसे सही दिशा प्रदान करें। वह नागरिकों को उन्मुख करें कि वे सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को सफल बनाने के लिए अपनी सहभागिता करें।

**कोरोना वायरस के चलते पीएम ने वंचित लोगों के लिए भी पर्याप्त कदम उठाए**

कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के साथ ही सरकार ने उन वंचित लोगों के लिए भी भरोसेमंद और पर्याप्त कदम उठाए जिनके पास न तो काम-धंधा है और न खाने-पीने के साधन और घर-बार न होने के कारण भावनात्मक असुरक्षा भी। ऐसे में यह जरूरी होगा कि सरकारी फैसलों को लागू करने में लोगों की गरिमा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाए।

**बेबस लोगों पर सरकारी सख्ती और पुलिसिया बर्ताव देश की आत्मा को छलनी करने वाला है**

भूख के खिलाफ बेबस लोगों पर सरकारी सख्ती और पुलिसिया बर्ताव देश की आत्मा को छलनी करने वाला है। स्वतंत्रता एवं गरिमा का आकांक्षी कोई राष्ट्र अपने नागरिकों को यूं ही मरने नहीं दे सकता। हमें यह नहीं भूलना होगा कि जिंदगी

की जद्दोजहद में रोजाना उनकी गरिमा को तार-तार किया जाता है। इसका समाधान किसी भी संवैधानिक राज्य के समक्ष एक कड़ी चुनौती है। हमारी सामूहिक गरिमा पर प्रहार का कोई भी प्रयास समूचे राष्ट्र के लिए निंदनीय और साथ ही उसकी आध्यात्मिक विरासत पर भी आघात होगा।

**पीएम सुनिश्चित करें कि राष्ट्र हमेशा अपने नागरिकों के लिए तत्पर है**

यह समय नेतृत्व के लिए नैतिक साहस और मानवीय गरिमा के आह्वान का है। प्रधानमंत्री का दायित्व है कि वह भारतीय राज्य के समस्त संसाधनों के सदुपयोग से सुनिश्चित करें कि देश के लोगों के जीवन की रक्षा पूरी गरिमा के साथ की जाएगी। हमारे सामाजिक जुड़ाव की अंतर्निहित तार्किकता को भी पुष्ट करना होगा कि राष्ट्र हमेशा अपने नागरिकों के लिए तत्पर है।

**मौजूदा माहौल में पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ एकजुट है**

मौजूदा माहौल में पूरा देश प्रधानमंत्री के साथ एकजुट है। प्रवर्तनकारी राजनीति इस आपदा के समय सबसे सही राष्ट्रीय प्रतिक्रिया होगी। हम जानते हैं कि इतिहास में ऐसा कोई सिद्धांत नहीं है जो हमें अतीत की व्याख्या, वर्तमान का समाधान और भविष्य का आकलन करना सिखाता हो, पर हम इतनी उम्मीद तो कर सकते हैं कि कोविड-19 के बाद की दुनिया और बेहतर होगी। यह भी आशा है कि नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अधिक मानवीय हो जिसमें शांति एवं सह-अस्तित्व जैसी अवधारणाएं महज कल्पनालोक के विचार न रह जाएं।

---

Live हिन्दुस्तान.com

***Date:01-04-20***

# गैर-जिम्मेदार रवैया

**संपादकीय**

लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी परेशानियों को किस कदर बढ़ा देती है, इसे समझना है, तो दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में पिछले कुछ दिनों जो हुआ, उसे देखना होगा। जब पूरी दुनिया सोशल डिस्टेंसिंग की बात कर रही थी, जब कोराना वायरस का खतरा सबके सिर पर मंडरा रहा था, जब तमाम कार्यक्रम वगैरह रद्द किए जा रहे थे, तब राजधानी के इस क्षेत्र में तबलीगी जमात नामक संगठन के हजारों लोग अपना जलसा कर रहे थे। न सिर्फ जलसा कर रहे थे, बल्कि इस कार्यक्रम में बहुत सारे देशों से लोग शामिल होने आए। उनमें से कौन अपने साथ कोरोना वायरस भी लाया, यह भले अभी स्पष्ट न हो, लेकिन एक बात तो साफ हो गई है कि इस कार्यक्रम ने कोरोना संक्रमण को काफी दूर तक फैलाने का काम किया। बात का खुलासा तब हुआ, जब इस कार्यक्रम से वापस जाने वाले लोगों में कई न सिर्फ संक्रमित पाए गए, बल्कि तेलंगाना में तो छह लोगों का निधन भी इसी वजह से हो गया। इस कार्यक्रम में कश्मीर से भाग लेने आए एक व्यक्ति का निधन बाद में वापस पहुंचने पर हुआ। इस मजहबी जलसे में भाग लेने वाले कई लोगों के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है और बाकी हजारों लोगों को क्वारंटीन में ले जाया गया है, जहां उनकी जांच की जा

रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पूरी बात का खुलासा सोमवार को तब हुआ, जब लॉकडाउन लागू हुए पूरे छह दिन बीत चुके थे और यह पाया गया कि हजारों लोग वहां अब भी मौजूद थे।

इस कार्यक्रम के आयोजकों का यह तर्क बेमतलब है कि जब यह जलसा हुआ, तब लॉकडाउन लागू नहीं था, जबकि सच यह है कि जब यह सब हुआ, तब तक शासनादेश लागू हो चुका था और दिल्ली में कहीं भी एक जगह पर पांच से अधिक लोगों के जमा होने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई थी। फिर कोरोना के खतरे का हल्ला भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में शुरू हो चुका था। हर जगह यह एडवाइजरी जारी कर दी गई थी कि ऐसे में क्या-क्या करना है और क्या नहीं करना। कुछ ऐसी ही घटना पंजाब में भी घट चुकी है, जहां एक गुरुद्वारे के गंरथी भाई बलदेव सिंह जर्मनी से इटली होते हुए भारत आए और उन्होंने किसी तरह की कोई सतर्कता या सावधानी नहीं बरती, बल्कि वह तमाम धार्मिक-आध्यात्मिक कार्यक्रमों वगैरह में भाग लेते रहे। बाद में कोरोना संक्रमण के कारण उनका निधन हो गया, लेकिन यह भी पता लगा कि उनके परिवार के छह सदस्यों समेत पंजाब में 27 लोग उन्हीं के कारण संक्रमित हुए और अभी आगे इस पूरी शृंखला की जांच की जा रही है। पूरे पंजाब में कर्फ्यू लगाने के पीछे एक बड़ी वजह यह थी और उनके घर के आस-पास के पांच गांवों को पूरी तरह सील कर दिया गया है। धार्मिक नेताओं और संगठनों का असर समाज के एक बड़े तबके पर होता है। इसलिए उनसे यह उम्मीद की जाती है कि वे संकट के समय न सिर्फ लोगों को सही दिशा में ले जाने का प्रयत्न करेंगे, बल्कि खुद उस रास्ते को भी अपनाएंगे, जिससे देश और दुनिया को संकट से बचाया जा सके। लेकिन ये घटनाएं बता रही हैं कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी तो ठीक से नहीं ही निभाई, शायद उसे ठीक से समझा भी नहीं। और अंत में उन्होंने पूरे देश समेत अपने सहयोगियों और धर्मावलंबियों को भी खतरे में डाल दिया।

---

***Date:01-04-20***

# फिर ये पांव थककर किसी सड़क पर न पसरें

**चंद्रकांत सिंह**

दुनिया की तमाम पूर्व महामारियों की तरह कोरोना का संक्रमण थमेगा और जिंदगी अपनी पटरी पर भी लौटेगी। इसमें विज्ञान का भी योग होगा और कुदरत का भी, लेकिन बहुत सारे लोगों के लिए जिंदगी की रफ्तार अब वही नहीं होगी, जो 24 मार्च से पहले थी। और इसकी पुष्टि दिल्ली-उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर 25 से 30 तारीख के बीच के दृश्य, और अब केरल से आ रही तस्वीरें कर रही हैं। ये तस्वीरें उन प्रवासी मजदूरों-कामगारों की अंतहीन मजबूरियों का हिस्सा हैं, जो कुछ बेहतरी की आस में अपनी जड़ों से उखड़कर यहां-वहां चले जाते हैं।

केंद्र और राज्य सरकारों की सक्रियता और मानवीय भूमिका की बदौलत प्रवासी लोगों का प्रवाह अब उत्तर भारत में कुछ थमता दिख रहा है। कोरोना महामारी से निर्णायक लड़ाई में यह बेहद जरूरी है। मगर यही वह मौका है, जब सत्ता प्रतिष्ठान ईमानदारी से पड़ताल करें कि हमारे तंत्र को हाशिये के लोगों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जाएं। तब तो और, जब खुद सरकार का 2018-19 का इकोनॉमिक सर्वे कहता है कि देश का हर तीन में से एक कामगार न्यूनतम मजदूरी कानून के तहत संरक्षित नहीं है। भारत में प्रवासी लोगों की संख्या इतनी अधिक है कि उनकी वैसे भी अनदेखी नहीं की जा सकती। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश में अपने मूल निवास से दूर

जाकर काम करने वालों की आबादी लगभग 14 करोड़ थी। जाहिर है, पिछले वर्षों में इनमें काफी इजाफा हुआ होगा। इसकी एक बानगी तो 2017 का आर्थिक सर्वेक्षण ही पेश कर देता है- साल 2011 से 2016 के बीच अंतर-राज्यीय प्रवसन करने वालों की संख्या सालाना करीब 90 लाख रही। जाहिर है, इनमें से ज्यादातर उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग हैं। इसके बाद मध्य प्रदेश, बंगाल, उत्तराखंड, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों का नंबर आता है। अब उत्तर प्रदेश व बिहार के लोगों ने सर्वाधिक पलायन क्यों किया, यह बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

हाल के दशकों में आप्रवासी भारतीयों के लिए तमाम नीतियां बनी हैं, और यह उचित भी है, लेकिन देश के भीतर के प्रवासी कामगारों की पीड़ा किसी ने कब सुनी? वे जो लोग सैकड़ों या हजार किलोमीटर दूर आकर अपना और अपने परिवार का पेट पाल रहे थे, आखिर वे क्यों मधुबनी-मुजफ्फरपुर, भिंड-मुरैना या बलिया-गाजीपुर की सड़कों पर बेसुध निकल पड़े? कुछ बदनसीबों के लिए तो यह उनका आखिरी सफर बन गया। इनमें से ज्यादातर दिहाड़ी मजदूर और असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत लोग हैं, जो रोज कुआं खोदकर रोज पानी पीते रहे हैं, उन्हें वह कुआं ही अचानक सूखता नजर आया। ऐसे लोग सिर्फ एक मजबूत राज्य-तंत्र के भरोसे ही रुक सकते थे। मगर इस प्रकरण ने उजागर कर दिया है कि इस मोर्चे पर अभी कितना काम करने की जरूरत है। राजधानी दिल्ली में तमाम राज्यों के सदन हैं, जिनमें वहां की सरकार का एक तंत्र काम करता है, क्या उसे इस समय सक्रिय भूमिका नहीं निभानी चाहिए थी?

हर विपदा अपने पीछे कई अहम सबक छोड़ जाती है। कोरोना संक्रमण ने भी अभी तक कई खट्टे-मीठे अनुभव दिए हैं। जहां दुनिया के अनेक संपन्न देश तमाम संसाधनों के बावजूद हताश से दिख रहे हैं, वहीं कई अभावों के बीच भी भारतीय समाज में बहुत बेचैनी नहीं दिखती, तो इसकी वजह यहां का सामाजिक ताना-बाना है। तमाम शिकवे-शिकायतों के बावजूद यहां के लोग आधा निवाला बांटने में भरोसा रखते हैं। दशकों पहले हजारी प्रसाद द्विवेदी ने एक निबंध लिखा था-क्या निराश हुआ जाए। उसमें उन्होंने मानव मनोविज्ञान का बड़ा मार्मिक चित्रण किया है। दुख में हम दोषों को खोज-खोजकर निकालते हैं और गुणों के प्रति उदासीन हो जाते हैं, जबकि अच्छाई-बुराई तो हमारे जीवन के अनिवार्य पक्ष हैं, और वे हमारे साथ रहेंगे। हमारा समाज हमेशा सद्गुणों में अपनी आस्था रखता आया है, उनका सहारा लेकर उठ खड़ा हुआ है। इसीलिए आज जब कुछ लोग यह नारा गढ़ रहे हैं कि कोरोना पासपोर्ट लेकर आया और दर-बदर राशनकार्ड हुआ, तो वहीं अनेक जिम्मेदार पासपोर्टधारी बढ़-चढ़कर इस जंग में आर्थिक मदद दे रहे हैं। हमारे तंत्र को इन दोनों के बीच एक मजबूत पुल बनना होगा, ताकि फिर नन्हे पांव थककर, चूर होकर किसी सड़क पर न पसरें। वे जहां हैं, वहीं किसी भरोसे का दामन थामे जिंदा रहें।

---

राष्ट्रीय सहारा

***Date:01-04-20***

# इस्लामी विवेक को चुनौती

**संपादकीय**

अचानक ही राजधानी दिल्ली में निजामुद्दीन स्थित तब्लीग-ए-जमात का मरकज कोरोना के मरकज के रूप में उभरकर सामने आया है। यह जमात इस्लामिक प्रचार-प्रसार का केंद्र है और यहां देश और विदेश के लोग आकर ठहरते हैं। जब कोरोना वायरस के कारण मरकज में एक व्यक्ति की मौत हुई तो जो तथ्य उभरकर सामने आया कि यहां करीब १८०० से ज्यादा लोग देश के विभिन्न राज्यों से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी तब्लीग-ए-जमात में हिस्सा लेने आए हुए थे। इनमें से करीब ३३४ लोगों को अस्पताल में और करीब ७०० लोगों को क्वारंटिन में रखा गया है। हैरानी की बात यह है कि जमात और मरकज का संचालन करने वाले सभी लोगों को अच्छी तरह से मालूम था कि विश्वव्यापी कोरोेना भारत में भी फैल रहा है। भारत सरकार ने एक स्थान पर ५० से ज्यादा लोगों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगा रखा था। सभी लोग यह जानते थे कि धरना-प्रदर्शन पर रोक लगी है। अब इस बात का उत्तर क्या है कि क्यों ये लोग इतनी बड़ी संख्या में मरकज में एकत्रित हुए? इन्हें घर वापस जाने के लिए क्यों नहीं कहा गया? आखिर क्यों इन्होंने कोरोना की गंभीरता को नहीं समझा और सरकार के किसी भी आदेश का पालन नहीं किया। आखिर क्यों इन्होंने अपने साथ-साथ हजारों लोगों की जिंदगियों को मौत के खतरे में ढकेला? मरकज में आए हुए लोग देश के विभिन्न हिस्सों में गए। इनमें से अभी तक एक की कश्मीर में मौत हुई और तेलंगाना में ९ लोगों की मौत हुई। अब सरकार इनके खिलाफ चाहेजो कार्रवाई करे, लेकिन सवाल यह है कि इस ड़रावनी मानसिकता का उपचार क्या है? पत्रकारों ने जब मरकज का संचालन करने वाले लोगों से इस बाबत सवाल पूछे तो उनमें से किसी ने भी समझ में आने वाला कोई जवाब नहीं दिया। सवाल यह है कि किसी भी सभ्य, लोकतांत्रिक, अग्रगामी और वैज्ञानिक चेतना वाले समाज के पास ये जडता का कोई उत्तर संभव है? सच तो यह है कि ऐसे लोग सीधे-सीधे इस्लाम को ही कठघरे में खड़ा कर देते हैं। आज का इस्लामिक समाज मध्ययुगीन समाज नहीं है बल्कि आधुनिक व्यवस्थाओं का सम्मान करने वाला, स्थितियों को विवेक के परिप्रेय में समझने वाला समाज है। लेकिन मरकज के जैसे लोग इस्लाम के नाम पर इस्लाम की ही बहुत भद्दी तस्वीर पेश करते हैं। इनके विरुद्ध कोई सरकार नहीं सिर्फ विवेकवान मुसलमान ही लड़ सकते हैं। इन्हें अपनी भूमिका निभाने के लिए आगे आना चाहिए।

---

जनसत्ता

**Date:01-04-20**

# जैव आतंक के साये में दुनिया

**अभिषेक कुमार सिंह**

मानव इतिहास बताता है कि इस धरती से युद्ध कभी खत्म नहीं हुए। हम शांति की जितनी अधिक कामना करते हैं, उतनी ही अधिक लड़ाइयां दुनिया के किसी न किसी हिस्से में चलती रहती हैं। पड़ोसी देशों के बीच सीमाओं को लेकर अपने झगड़े हैं, संसाधनों के बंटवारे पर देशों में परस्पर संघर्ष हैं, तो आतंकवाद जैसी समस्या दुनिया में कई स्थानों पर जंग जैसे हालात बनाती आई है। जंग की सतत आशंका के कारण दुनिया में आधुनिक हथियारों के निर्माण की जरूरत बढ़ती रही है। पिछले सौ साल में हथियारों की दुनिया का तेजी से विकास हुआ और पूरी दुनिया में कारोबार बढ़ा। इससे युद्ध के तौर-तरीके बदल गए हैं। इनमें एक नया तरीका जैविक हथियारों का भी है। कोरोना वायरस के ताजा प्रकरण को लेकर इन हथियारों की इस समय सबसे ज्यादा चर्चा है। कोविड-19 नामक संहारक बीमारी पैदा करने वाले कोरोना

वायरस बनाने और फैलाने को लेकर चीन और अमेरिका एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इसलिए यह सवाल पूरी दुनिया के मन है कि क्या यह वायरस वास्तव में वुहान (चीन) स्थित जैविक प्रयोगशाला में बनाया गया या फिर जैसा कि चीन का आरोप है कि इसे अमेरिका ने उनके मुल्क में प्लांट किया है। कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ट्वीट में कोरोना को चीनी वायरस कहते हुए सीधे तौर पर इसके लिए चीन को जिम्मेदार ठहरा दिया। उनके विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने भी इसे 'वुहान वायरस' कहा। इसे चीनी वायरस कहने से ट्रंप प्रशासन का आशय यह था कि चीन ने इस वायरस को अमेरिका से बदला लेने के लिए अपनी प्रयोगशाला में पैदा किया, लेकिन वह इस पर अपना नियंत्रण नहीं रख सका। ऐसे में बेकाबू चीनी वायरस दुनिया में फैल गया। चीनी सरकार वायरस के इस नामकरण से काफी नाराज हुई। इसके बाद चीन के सोशल मीडिया में ऐसी खबरें आने लगीं कि इस वायरस की पैदावार असल में अमेरिका का हाथ है। इन आरोपों के मुताबिक कोरोना से पैदा हुई महामारी अमेरिकी मिलिट्री जर्म वॉरफेयर प्रोग्राम के जरिए फैली है। हालांकि अमेरिका और चीन के बीच कोरोना से संदर्भ में हो रही बयानबाजी को इन मुल्कों के वर्चस्व की जंग के तौर पर भी देखा जा रहा है। मिसाल के तौर पर, जब अमेरिका दूसरे देशों के लोगों की अपने यहां आवाजाही बंद कर रहा है, तो चीन उन मुल्कों को चिकित्सकीय और अन्य मदद मुहैया करा रहा है। एक तथ्य यह भी है कि चीन ने अपने यहां कोरोना के प्रसार पर काबू पा लिया है। इन चीजों से चीन की छवि सुधर रही है, जबकि कोरोना के सामने लस्त-पस्त नजर आ रहे ट्रंप प्रशासन को अपने ही लोगों की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। इन दोनों देशों में खुद को महाशक्ति के रूप में कायम रखने की जो जंग है, वह अपनी जगह है, लेकिन हमारे लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि क्या दुनिया वास्तव में जैविक हथियारों के अपारंपरिक युद्ध की ओर बढ़ने लगी है। अमेरिका और चीन के आरोपों का सच क्या है, यह तो वही दोनों मुल्क जानते हैं। लेकिन यह तथ्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार कर लिया गया है कि कोरोना वायरस का केंद्र असल में चीन का वुहान शहर ही है। 'द वॉशिंगटन पोस्ट' और 'द डेली मेल' सहित ऐसी कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टें हैं, जिनमें कोरोना वायरस को चीन के जैविक हथियार बनाने की कोशिश के तौर पर जोड़ा गया और इसे चीन के जैविक युद्ध कार्यक्रम का हिस्सा बताया गया। द वॉशिंगटन पोस्ट ने वुहान स्थित बायोलॉजिकल लैब का उल्लेख कर यह साबित करने की कोशिश की है कि चीन अगली कोई जंग जैविक हथियारों के बल ही लड़ना चाहता है। एक अन्य समाचार संस्थान- फॉक्स न्यूज में 1980 के दशक में लिखी गई एक किताब के हवाले से कहा है कि चीन कथित तौर पर अपनी प्रयोगशालाओं में जैव हथियार बना रहा है। वायरस की इन साजिश-कथाओं पर चीनी सरकार ने पलटवार करते हुए इन्हें अमेरिकी दुष्प्रचार बताया है। चीन सरकार के विदेश मंत्रालय के मुताबिक कोविड-19 असल में अमेरिकी बीमारी है जो पिछले साल अक्तूबर में वुहान आए अमेरिकी सैनिकों से फैली है, हालांकि चीन ने इसके सबूत नहीं दिए हैं। चाहे जो हो, लेकिन चीन इससे इनकार नहीं कर सकता है कि कोरोना का केंद्र असल में वुहान ही है। इसकी पुष्टि चीन को ही करनी है कि इस वायरस की शुरुआत वुहान स्थित फ्रैश सी-फूड मार्केट से हुई और इसकी उत्पत्ति में चमगादड़ों और सांप के मांस से तैयार किया गया भोजन है या फिर इसमें कुछ योगदान वुहान स्थित उस प्रयोगशाला का है, जिसमें खतरनाक वायरसों पर प्रयोग किए जाते हैं। इसमें भी वुहान स्थित जैव प्रयोगशाला पी-4 को लेकर दुनिया भर के शक की एक और वजह बताई जा रही है। दावा है कि वुहान में जब न्यूमोनिया का जब पहला मामला नजर आया था, तो उससे कुछ दिन पहले ही चीन के उपराष्ट्रपति वांग किशान चुपचाप वहां पहुंचे थे। दावा किया गया कि वांग वहां जैविक हथियारों की योजना की प्रगति देखने गए थे। इस संबंध में जैविक हथियारों पर अध्ययन करने वाले इजरायल के एक पूर्व सैन्य खुफिया अधिकारी का दावा है कि कोरोना वायरस को चीन की ही पी4 प्रयोगशाला में तैयार किया गया। कुछ विशेषज्ञ यह भी आशंका भी जता रहे हैं कि हो सकता है कि चीन ने जानबूझ कर कोरोना वायरस को छोड़ा हो। लेकिन उसे इसके फैलाव से होने वाले नुकसान का अंदाजा नहीं था, इसलिए चीन पर अब पूरे मामले पर लीपापोती करने में जुटा है। जहां तक कोरोना वायरस जैसे जैविक हथियारों को किसी जंग का अहम हिस्सा बनाने की बात है, तो ऐसे युद्धों

की रूपरेखा कई बार पेश की जा चुकी है। मई, 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जिनेवा में आयोजित चार दिवसीय सम्मेलन में बताया गया था कि जल्द ही ऐसे स्वचालित रोबोटों के जरिए युद्ध लड़े जाएंगे, जो एक बार चालू कर देने पर बिना किसी इंसानी दखल के अपना निशाना खुद चुन सकेंगे और उसे तबाह कर सकेंगे। ऐसी ही आशंका जैव हथियारों के संबंध में जताई गई थी। यही नहीं, वर्ष 2017 में भारत ने यह आशंका जताई थी कि पड़ोसी देश पाकिस्तान भी रासायनिक या जैविक युद्ध की तैयारी कर रहा है। तब के रक्षा मंत्री ने एक बयान में कहा था कि अफगानिस्तान और उत्तरी हिस्सों से कई ऐसी रिपोर्ट आ रही हैं, जहां स्थानीय लोग शरीर पर चकत्ते या किसी तरह के रासायनिक हथियार से प्रभावित नजर आते हैं। हालांकि इसकी पुष्टि करना आसान नहीं था, लेकिन यह सब बता रहा था कि देश को किसी भी किस्म की जंग के लिए तैयार रहना चाहिए। हालांकि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) सेना को ऐसे उत्पाद तैयार करके दे चुका है (जिनमें एनबीसी रेकी व्हीकल और एनबीसी मेडिकल किट हैं) परमाणु, जैविक और रासायनिक हथियारों के प्रभाव से लोगों को बचा सकते हैं। इसमें संदेह नहीं कि इस समय दुनिया जिस तरह से कोरोना वायरस के आगे पस्त पड़ गई है, उससे यह आशंका पैदा हो गई है कि धरती से हमारी सभ्यता का अब जो विनाश होगा, उसमें इंसान का ही योगदान ज्यादा होगा, न कि किसी बाह्य कारक का। यह योगदान या तो नए किस्म के युद्धों के रूप में होगा या भी जलवायु संकट सरीखी पर्यावरणीय समस्याओं के रूप में सामने आएगा, जो इंसान की ही देन हैं।

---